दिनांक 19.12.2018

स्वच्छ भारत अभियान | स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

कंपोस्ट खाद की मदद से तैयार किए जा रहे है कोसानाला स्थित कुसुम कानन नर्सरी मे पौधे

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस.के. सुंदरानी के निर्देश पर नेहरू नगर कोसा नाला स्थित कुसुम कानन नर्सरी में विभिन्न प्रजातियों के पौधे कंपोस्ट खाद के माध्यम से तैयार किए जा रहे हैं।

कुसुम कानन नर्सरी में दो टंकियों का निर्माण किया गया है जिसमें कुसुम कानन उद्यान से निकलने वाले फूल पत्ती आदि ग्रीन वेस्ट को सर्वप्रथम टंकी नंबर एक में डाला जाता है इसके भर जाने के बाद जाने के बाद टंकी नंबर 2 में डाला जाता है जब तक टंकी नंबर 1 से खाद तैयार हो जाती है इस खाद का उपयोग नर्सरी में पौधे तैयार करने हेतु किया जा रहा है । नर्सरी में अभी तक कटहल ,जामुन ,कचनार ,नीम गुलमोहर ,बदाम आदि के लगभग 15000 से 20000 पौधे तैयार किए जा चुके हैं जिन्हें वृक्षारोपण स्थल चयनित कर रोपित किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त विकसित उद्यानों में ऑनसाइट कंपोस्ट पिट तैयार कर वहां से निकलने वाले ग्रीन वेस्ट से कंपोस्ट तैयार करने का कार्य किया जा रहा है जिसे उद्यानों के शोभायमान पौधे, फूल, हेज इत्यादि में उपयोग किया जा रहा है।

जनसम्पर्क अधिकारी